बर्षः- 06
अंकः- 26
मुरादाबाद
(Sunday)
17 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## आज का भारत इनोवेशन पॉवर है, नीदरलैंड में प्रवासी भारतीयों से PM मोदी का संवाद

### नीदरलैंड ट्यूलिप तो भारत कमल के लिए जाना जाता है

चार यूरोपीय देशों के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यात्रा के पहले चरण में देर रात नीदरलैंड पहुंचे। पीएम मोदी यहां के राजा विलियम और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे। नीदरलैंड के एम्सटर्डम में गर्मजोशी से पीएम मोदी का स्वागत किया गया। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से भी संक्षिप्त मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड की यात्रा पर हैं। उन्होंने %द हेग% में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत

की। इस दौरान अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, %इतना प्यार और उत्साह... सच कहूं तो कुछ देर के लिए मैं भूल ही गया था कि मैं नीदरलैंड में हूं। ऐसे लग रहा है कि जैसे भारत में ही कहीं कोई फेस्टिवल चल रहा है।%नीदरलैंड में भारतीयों के योगदान पर हर भारतवासी को गर्व%- भारतीय समुदाय के योगदान पर गौरवान्वित होते हुए पीएम मोदी ने कहा, %आप नीदरलैंड के समाज और यहां की इकोनॉमी में जो आपकी देन हैं उस पर हर भारतवासी को गर्व है। मैं आज इस अवसर पर नीदरलैंड की जनता और सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। मैं यहां की जनता को 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से अपनी शुभकामनाएं देता हूं।%प्रधानमंत्री ने इस दौरान भारत की विश्व को देन और भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए आगे कहा, यहां बैठे अनेक परिवारों की कहानी प्रवासन की कहानी नहीं, यह सांस्कृतिक आस्था के बीच तमाम संघर्षों के बीच प्रगति की कहानी है। उस दौर में तब किसी ने सोचा नहीं था कि दो महासागर पार करने के बाद भी भारतीयों की पहचान इतनी जीवंत रहेगी। आपके पूर्वज बहुत कुछ पीछे छोड़ गए, लेकिन कुछ चीजें उनके साथ रहीं, अपनी मिट्टी की खशबू, त्योहार की संस्कृति, भजन की धुनें और पूर्वजों के संस्कार। समय के साथ अनेक संस्कृतियां मिट गईं लेकिन भार की विविध संस्कृति अपने लोगों के दिलों में धड़कता है।हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने 2014 के लोकसभा फैसले की सराहना की, जब उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पहली बार सत्ता संभाली थी। 16 मई को घोषित जनादेश को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, %तेरह साल पहले, इसी दिन भारत में एक विशेष घटना घटी थी। एक मजबूत और शक्तिशाली सरकार सत्ता में आई और एक कमजोर सरकार का शासन समाप्त हुआ। तब से देश का विकास हुआ है, इसलिए यह एक विशेष दिन है।% कोटि-कोटि भारतवासियों का विश्वास मुझे न रुकने देता है और न थकने देता है।%परिवेश बदल गए, लेकिन परिवार के संस्कार नहीं बदले%-पीएम मोदी ने आगे कहा कि, %परिवेश बदल गए, लेकिन परिवार के संस्कार नहीं बदले, अपनापन नहीं बदला। आपने डच भाषा को अपनाया लेकिन पुरखों की भाषा को छोड़ा नहीं। हमारे कम्युनिटी रेडियो यहां बहुत लोकप्रिय हैं। इन स्टेशन के माध्यम से संस्कृति और गाने लोकप्रिय हैं।

आप हमारी संस्कृति भावी पीढ़ियों तक पहुंचा रहे हैं। ये सराहनीय है और आप अभिनंदन के अधिकारी हैं। पीएम मोदी ने झालमुड़ी का किया जिक्र- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं,%क्या झालमुड़ी की लोकप्रियता यहां तक भी पहुंच गई है? हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत 80-90त्न रहा, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से अधिक रही... हर साल मतदान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं% प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, %दुनिया नई चुनौतियों का सामना कर रही है। पहले कोरोना, फिर युद्ध और आज का ऊर्जा संकट। यह दशक चुनौतियों से भरा होता जा रहा है। यदि हालात में तेजी से बदलाव नहीं आया, तो पिछले कई दशकों की उपलब्धियां व्यर्थ हो जाएंगी और दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी में डूब जाएगा... ऐसे समय में, भारत और नीदरलैंड भविष्य के लिए तैयार आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के प्रयास कर रहे हैं%। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा- बीते वर्षों में भारत ने धरती से चंद्रमा की दूरी जितनी है, उससे भी 11 गुना अधिक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है। एक दशक पहले हम मोबाइल फोन इंपोर्ट करते थे, आज भारत दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्यूफेक्रर है। इसके अलावा आज के भारत की एक और पहचान है।

आज का भारत इनोवेशन पॉवर है। आज हमारे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। ये भारतीयों के इनोवेशन का बहुत बड़ा प्रमाण है। भारत में चिप निर्माण, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सबसे बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अभी भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट पर काम चल रहा है। इनमें से दो प्लांट में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यानी अब चिप भी, भारत में डिजाइन, भारत में निर्मित होगी।हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, %आपके पूर्वज जब यहां आए तो बहुत सी चीजें पीछे छोड़ गए, लेकिन कुछ चीजें हमेशा उनके साथ रहीं - उनकी मिट्टी की सुगंध, उनके त्योहारों की यादें, भक्ति गीतों की मधुरता और उनके पूर्वजों द्वारा विरासत में मिले मूल्य। मानव इतिहास इस बात का साक्षी है कि समय के साथ कई संस्कृतियां लुप्त हो गईं। लेकिन भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति आज भी यहां के लोगों के दिलों में मजबूती से बसी हुई है।%प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों से संवाद में कहा- आज का भारत एक अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आपने हाल में देखा होगा कि दुनिया की सबसे बड़ी और सफल एआई समिट भारत ने आयोजित की। उससे पहले जी-20 की सफल समिट भी भारत ने आयोजित की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बड़ी आकांक्षाओं से भरा है और निकट भविष्य में वह ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहेगा और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का भी बड़ा सपना देखेगा। भारत दुनिया का ग्रोथ इंजन बनना चाहता है।इस दौरान पीएम मोदी ने कहा मैं बहुत छोटी आयु में ही देशभक्ति के रंग में रंग गया। आप ही मेरे परिवार बन गए। अहम् से वयम् का रास्ता चुन लिया। फिर आपका सुख ही मेरा सुख बन गया और आपका कल्याण ही मेरा कर्तव्य बन गया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा- 13 वर्ष मुख्यमंत्री के रूप में... 12 वर्ष प्रधानमंत्री का सेवाकाल... लोकतांत्रिक विश्व में 25 वर्षों तक... करोड़ों-करोड़ वोटर्स का लगातार समर्थन... ये मेरे लिए बहुत ही बड़े सौभाग्य की बात है। मेरे लिए ये सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है... ये आपका आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी है।नीदरलैंड के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत बड़े सपने देखना चाहता है। इसकी आकांक्षाएं असीमित हैं और इसलिए यह स्टार्टअप इकोसिस्टम में योगदान देना चाहता है। आज देश कह रहा है- हमें सिर्फ ट्रांसफॉर्मेशन नहीं करना चाहिए, हमें सबसे अच्छा चाहिए, हमें सबसे तेज चाहिए। इसलिए जब भारत में आकांक्षाएं असीमित हैं, तो प्रयास भी असीमित हो रहे हैं। आज भारत का युवा आकाश छूना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रम विभाग की बैठक में बड़ा फैसला, प्रदेश में अब दो दिन वर्क फॉम होम, अलग-अलग शिफ्ट में खुलेंगे ऑफिस

अधिकारियों के अनुसार गैस आपूर्ति प्रभावित होने से उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे कई उद्योगों में नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है।प्रदेश में बढ़ती लागत और गैस की कमी के चलते कई उद्योगों पर संकट गहराने लगा है। इसको लेकर श्रम विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। तय किया गया कि ऊर्जा खपत कम करने और उद्योगों को राहत देने के लिए सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू की जाएगी।वहीं कार्यालयों और फैक्ट्रियों को अलग-अलग शिफ्ट में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार गैस आपूर्ति प्रभावित होने से उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे कई उद्योगों में नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। सरकार जल्द विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगी।

## जो जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैंः चुनावी हार के बाद ममता के सख्त तेवर, बोलीं- पार्टी को फिर से खड़ा करूंगी

विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने टीएमसी को फिर से मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जो नेता पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि जनता का जनादेश लूटा गया है, लेकिन पार्टी फिर से खड़ी होगी। पश्चिम बंगाल में चुनावी झटके के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने पार्टी को फिर से खड़ा करने का आह्वान किया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वे जाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। शुक्रवार को कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास पर ममता बनर्जी ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी शामिल हुए।ममता बनर्जी ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बावजूद संगठन एक बार फिर मजबूती से खड़ा होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों से अपील की कि वे क्षतिग्रस्त हो

चुके पार्टी दफ्तरों को फिर से ठीक करें, उन्हें रंगें और दोबारा खोलें। ममता ने यहां तक कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह खुद भी दफ्तरों को पेंट करने में मदद करेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तृणमूल कांग्रेस कभी किसी के सामने नहीं झुकेगी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस चुनाव में जनता के जनादेश को लूटा गया है।यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब टीएमसी सत्ता से बाहर होकर अब विपक्ष की भूमिका में आ गई है। राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से पार्टी केवल 80 सीटें ही जीत पाई है। खुद ममता बनर्जी को भी अपने पुराने राजनीतिक गढ़ भवानीपुर से हार का सामना करना पड़ा। टीएमसी ने 291 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और तीन सीटें अपने सहयोगी दल बीजीपीएम के लिए छोड़ी थीं। चुनाव में पार्टी के 211 उम्मीदवार हार गए, जिनमें कई बड़े नेता और मंत्री भी शामिल हैं। पार्टी के भीतर असंतोष पर क्या बोली ममता?-पार्टी के भीतर असंतोष और नेताओं के दूसरी पार्टियों में जाने की अटकलों के बीच ममता बनर्जी ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह जानती हैं कि कुछ लोग पाला बदल सकते हैं। उनकी अपनी कुछ मजबूरियां हो सकती हैं, इसलिए वह किसी को भी जबरदस्ती पार्टी में रोक कर रखने में विश्वास नहीं करतीं। बैठक के बाद टीएमसी ने सोशल मीडिया पर उम्मीदवारों के साहस की सराहना की। पार्टी ने कहा कि उनके उम्मीदवारों ने डराने-धमकाने और अत्याचारों के बावजूद बहादुरी से चुनाव लड़ा। ममता बनर्जी ने इस बैठक के जरिए हार से निराश उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ाने और पार्टी में एकता का संदेश देने की कोशिश की है। उन्होंने साफ किया कि वे एकजुट होकर संघर्ष जारी रखेंगे।

## पाकिस्तान तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास का, सेना प्रमुख की PAK को चेतावनी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना जारी रखता है, तो उसे तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहता है या इतिहास का। सेना प्रमुख ने यह बयान बयान ऐसे समय में सामने आया जब देश ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा हैं।सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है

या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है।जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही। उनसे सवाल पूछा गया था कि अगर पिछले साल के ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां दोबारा बनती हैं, तो भारतीय सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी। इसके जवाब में उन्होंने पाकिस्तान को यह सीधा और कड़ा संदेश दिया। सेना प्रमुख ने सीधे तौर पर कहा, %अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उन्हें यह तय करना होगा कि वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता हैं या इतिहास का।%यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश और भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा हैं। जनरल द्विवेदी की यह संक्षिप्त टिप्पणी पाकिस्तान के लिए एक बड़ी चेतावनी है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को एक बार फिर दोहराया है।बाद दें कि, पिछले साल सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत हुई थी। 10 मई की शाम को दोनों पक्षों के बीच एक आपसी समझ बनने के बाद यह संघर्ष रुका था। सेना प्रमुख के इस ताजा बयान ने साफ कर दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## स्वतंत्र देव सिंह का बड़ा बयान, बोले- कांग्रेस मुक्त का मतलब वंशवाद और नक्सलवाद मुक्त भारत

कानपुर में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में देश से वंशवाद, नक्सलवाद और कम्युनिस्ट समाप्त हो गए हैं।कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जब हमारे नेता कहते

हैं, कांग्रेस मुक्त तो उसका मतलब होता है वंशवाद मुक्त, नक्सलवाद मुक्त, माओवाद मुक्त। भारत देश की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद, माओवाद और कम्युनिस्ट समाप्त हो गया है। आज पश्चिम बंगाल में भी हमारी सरकार है।पूरे देश में भी हमारी सरकार है। वंशवाद भी समाप्त हो गया है। बता दें कि मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाजपा कानपुर की ग्रामीण इकाई के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता के तौर पर कानपुर आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ा है। भाजपा का कार्यकर्ता कब किस मुकाम पर पहुंच जाए, यह देश की जनता लगातार देख रही है।

## संपादकीय Editorial

### The war crisis is on our doorstep.

Prime Minister Modi has set an example by reducing his convoy size. Two videos surfaced on Wednesday. One showed only two cars in the convoy, while the other showed four. This is not economy, but risk. There was no such expectation or complaint from the Prime Minister. The Prime Minister lives under the protection of the Special Protection Group (SPG). That security has its own protocol, so questioning the presence of 15 or 20 cars in the convoy is meaningless. The Prime Minister's security cannot be compromised in any way. The Prime Minister's example has been followed by the Defense Minister, Home Minister, Road Transport Minister, and several Chief Ministers of BJP-ruled states. However, Punjab Chief Minister Bhagwant Mann and Bihar's "saffron Chief Minister" Samrat Chaudhary are still seen traveling with convoys of 19 or 20 cars. However, they too will soon come to their senses. Economy in convoys and other arrangements must be permanent; herd mentality or hypocrisy would be extremely dangerous. Savings shouldn't be limited to the Prime Minister, Ministers, Chief Ministers, MPs, MLAs, etc. Secretaries, Additional Secretaries, Joint Secretaries, and Director-level IAS and IPS officers in the government are provided with separate government vehicles. Reductions are crucial. They all commute from government residences located 2-4 kilometers away to the office and then return home. The luxury and pomp of government vehicles should be eliminated. Such officers should be brought to the office in a special bus-like vehicle and dropped home in the evening. It is not constitutional protocol that all officers enjoy the same privileges as a "Maharaja." If there is a petrol and diesel crisis in the country, then frugality is inevitable. Exemptions have always been made for emergencies. In reality, these officials are the policymakers of our system and are therefore autocratic. However, Prime Minister Modi has called for video conferencing and online meetings, and some Chief Ministers, like Chief Minister Yogi Adityanath, have issued orders to implement this system. So, these top officials should also follow suit. If the Prime Minister's full appeal is accepted and implemented, savings of ?11.5 lakh crore could be realized in a single year. This is a substantial sum. If fuel is saved by shortening the number of convoys, approximately 91,250 liters of diesel would be saved annually. Thus, a saving of ?1 crore could be achieved. This pomp and status quo must be abandoned now, as the crisis arising from the Iran war has reached India's doorstep. Reserve Bank of India Governor Sanjay Malhotra has stated in a public forum that if the Iran war continues and prolongs, the government will be forced to increase the retail prices of petrol and diesel. LPG cylinders will also become more expensive, as these are all imported. Union Petroleum Minister Hardeep Puri is also sadly revealing that the country's oil companies are facing an average loss of ?1,000 crore per day. This loss has exceeded ?1 lakh crore in the 75 days of the war. It is certain that if crude oil prices continue to rise at this rate, they will become unavoidable. On Wednesday, crude oil prices reached $108 per barrel. However, during this period of war, petrol and diesel prices have risen in 98 countries. Forty countries have had to implement oil-related protocols. Countries like the United States, Saudi Arabia, the United Arab Emirates, Russia, Vietnam, the Philippines, Bangladesh, Sri Lanka, and Thailand have had to ration petroleum products and implement numerous protocols. It is crucial that India has not allowed this burden to fall on its people during these 75 days. Now, as the crisis is worsening, we are starting with savings. Such calls for savings were also made by Prime Ministers like Lal Bahadur.

# Ending Jungle Raj in Bengal

During Mamata Banerjee's 15-year rule, countless incidents occurred that brought the state government into disrepute, but despite all this, her misrule was never labeled as jungle raj. Mamata Banerjee's Bengal is compared to Lalu Prasad Yadav's Bihar jungle raj. Bengal witnessed violence, corruption, a serious lack of law and order, rebukes from the judiciary, and migration and oppression. Whenever jungle raj is mentioned, Bihar during Lalu Yadav's tenure became so notorious for lawlessness that the Rashtriya Janata Dal continues to suffer its consequences to this day. During elections, opposition parties to the RJD remind people of the horrific days of Lalu Prasad Yadav's jungle raj, making their work easier. This is because the people of Bihar have not forgotten how kidnapping and ransom became an industry during Lalu Yadav's rule, and how many cities in the state would become desolate as dusk fell. The people of Bihar have not forgotten the terror wielded by mafia figures like Shahabuddin and how strongmen like him enjoyed Lalu's protection. Just as it's unknown when Bihar will be free from the memories of RJD's jungle raj, it's equally difficult to say when West Bengal will forget the extremes of Mamata Banerjee's misrule. This misrule was a kind of jungle raj, and in some ways, even worse than Bihar's. Lalu Yadav's rule became infamous as "Jungle Raj" because, in August 1997, the Patna High Court remarked, "There is no government in Bihar; it is worse than Jungle Raj." The Calcutta High Court did not make such a comment about the Mamata Banerjee government, but it repeatedly reprimanded her for various instances of violence and corruption, including the 2021 post-election violence, the RG Kar Hospital scandal, or the teacher recruitment scam. Recently, the Mamata Banerjee government was reprimanded for not providing land to the BSF for border fencing. The Mamata Banerjee government also faced multiple reprimands from the Supreme Court in several cases. Following the 2021 Bengal Assembly elections, some of those who were forced to flee their homes and seek refuge in Assam were unable to return for months. This violence was so open and horrific that, in the era of Nehru and Indira Gandhi, President's rule might have been imposed before Mamata Banerjee's inauguration. The National Human Rights Commission investigated this horrific violence on the orders of the judiciary. This was because the police remained mute spectators when the violence was taking place. This commission made a strong observation, stating that in Bengal, the rule of law prevails, but rather the law of the rulers. Regarding anarchy, the violence in Sandeshkhali cannot be forgotten. Because the leader responsible for this violence enjoyed the protection of the TMC, he was arrested only after a long time.

The Murshidabad incident, which epitomizes anarchy, also cannot be forgotten. In the name of opposing the Waqf Act, a barbaric dance of violence against Hindus took place in Murshidabad. Fearing the terror of the rioters, people fled to Assam and Jharkhand to save their lives. During Mamata Banerjee's rule, the audacity of TMC's powerful leaders and workers and the goons protected by them increased so much that they did not hesitate to target even the police and central agencies. They engaged in illegal extortion and extortion from everyone. In Bengal, this practice was notorious in the form of cut money, i.e., commission, and tolabaj, i.e., illegal extortion. Any cargo passing through Bengal was subjected to the threat of corruption. Vehicles were no escape from illegal extortion. Similarly, street vendors earning two to four hundred rupees a day were victims of extortion. People could neither buy land nor purchase materials for building a house without paying TMC leaders. Mamata Banerjee was not unaware of this, as evidenced by her statement in 2019, stating that she did not want thieves in her party and that anyone who had collected cut money should return it. Obviously, no one did so. Instead, it was later reported that Mamata Banerjee's words were misinterpreted. During Mamata Banerjee's 15 years in power, countless incidents occurred that brought the state government into disrepute, yet despite all this, her misrule was never labeled as "jungle raj." This was because a section of the media in Delhi and Kolkata consistently described her as a fighter and highlighted her as a highly secular leader. Because Mamata Banerjee was considered a secular leader, liberals failed to see how she engaged in appeasing minorities and even Bangladeshi infiltrators. And how she has allowed her cadre to act arbitrarily. The news, photos, and videos of people who were excited and emotional after the election results in Bengal, and those who were harassed or forced to flee during Mamata Banerjee's rule, scream that Mamata Banerjee's rule had become a terrifying synonym for autocracy.

# A Culture of Extravagance

It would be good to cultivate a culture of curbing wasteful expenditure and saving foreign exchange even during normal times. The Prime Minister set an example of frugality by reducing his convoy. He emphasized the need to curb government wasteful expenditure and save foreign exchange. He advised reducing expenditure on petroleum, foreign travel, and education. It is good that by reducing his convoy, the Prime Minister set an example of what he personally encourages others to do. Following his reduction in his convoy, some Union Ministers have followed suit. It is hoped that Chief Ministers and Ministers of BJP-ruled states will follow suit, but similar measures should be seen in non-BJP ruled states as well. MPs, MLAs, other public representatives, and bureaucrats should also do the same. Introducing frugality is not the domain of any particular government or party. It is a national necessity, not just a current one. Since we are a developing country, frugality must always be practiced, and this should be demonstrated most especially by politicians and bureaucrats, because a culture of extravagance has taken root among them, replacing frugality. It's no secret that the longer the convoy, the more imposing the person is perceived to be. There's a dire need to break free from this ostentatious mentality. If ministers today, due to the energy crisis, have found it appropriate to travel with two or three cars, why didn't they see the need for it before? After all, it's not as if petroleum products were produced domestically or were cheap to import before the energy crisis. The government should be well aware that petroleum imports consume the most foreign exchange. Along with reducing petroleum consumption, the government must also focus on other long-term measures to conserve foreign exchange. A significant foreign exchange consumption is due to foreign travel for tourism. This is because the country hasn't developed the kind of tourist destinations and tourist-friendly environment that countries like the Maldives, Thailand, and Sri Lanka have. This is despite India being far more prosperous in terms of tourist destinations. Despite this, people are now traveling abroad for weddings, parties, and other events. A significant foreign exchange consumption of foreign currency is also driven by students going abroad to study. Our students go abroad in large numbers because quality education centers are not developing in the country. It would be good to cultivate a culture of curbing wasteful spending and saving foreign currency even during normal times.

## First, the government machinery must practice frugality.

Ministers and officers of the central and state governments must first rein themselves in. Only then will it be appropriate to preach to the public. Leadership lessons from the examples of Gandhiji and Rao.Preaching frugality to the public in the face of government wasteful expenditure. Warning of the economic crisis resulting from a wrong foreign policy. A woman who visited Gandhiji's ashram said, "My son eats a lot of jaggery, but if you forbid him from eating it, he will give it up." Gandhiji looked at the woman and her son and said, "Come to see me on this date next month." A month later, on the appointed date, the woman went to Gandhiji with her son. Gandhiji told her son to give up eating jaggery. The son swore right there that he would not eat it. The woman replied, "I came from such a long distance to come to you. You could have said the same thing a month earlier." Gandhiji then told the woman, "I can only give advice to anyone if I follow it myself." During this one month, I first gave up jaggery myself, and then I had the right to tell my child to give it up. Before that, I had no right to preach to him. The woman's eyes welled with tears, and she took her son and went back to her village. This story was recounted by then-Prime Minister P.V. Narasimha Rao in the US Congress. I also accompanied him on that trip. This was at a time when the US was pressuring India to compromise with Pakistan over Kashmir. Rao listened silently to the US government and responded in front of all the members of the US Congress, "You're asking me to compromise on Kashmir, but why don't you first compromise on Mexico? You've seized Mexico's land and are lecturing us. First, apply this to yourself, like Gandhiji did. Only then can you give me this advice." I saw that even the US Congressmen themselves were clapping after hearing Rao's words. Today, the Indian government is advising people to spend less on petrol and diesel, avoid foreign travel, avoid buying gold, reduce gas consumption, avoid excessive driving, travel by public transport, and reduce their vehicle usage. Reduce the use of cooking oil. Farmers should reduce fertilizer use.

# मम्मी-पापा के पास जाना है, जेल में रात भर रोई लाडली बेटी अरीबा; भाई अरीब से कहती रही सिर्फ एक बात

## परिवार को बेहोश कर ये काम करना चाहते थे अरीबा और अरशद, व्हाट्सएप चैट से सामने आई कई चौंकाने वाली बातें

मुरादाबाद के पीतल कारोबारी के घर हुई करोड़ों की डकैती में आरोपी बेटी जेल में बेचैन है। शुक्रवार सुबह भाई अरीब मुलाकात करने पहुंचा तो उसके सामने फूट-फूटकर रोने लगी। बोली- मुझे अपनी मम्मी-पापा की याद आ रही है। मम्मी-पापा से मिलना है।मुरादाबाद के पीतल कारोबारी के घर हुई करोड़ों की डकैती में पुलिस ने उसकी बड़ी बेटी को गिरफ्तार किया है। बड़ी बेटी को जेल भेज दिया गया है। अपने ही घर में डाका डलवाने की आरोपी इक्कीस वर्षीय अरीबा रात भर जेल में सो नहीं सकी। वह रोती रही। शुक्रवार सुबह भाई अरीब मुलाकात करने पहुंचा तो उसके सामने फूट-फूटकर रोने लगी। बोली- मुझे अपनी मम्मी-पापा की याद आ रही है। मम्मी-पापा से मिलना है। भाई ने उससे आश्वासन दिया है कि अगली बार मिलने आएगा तो मम्मी-पापा को साथ लेकर आएगा। इसके बाद ही अरीबा शांत हुई। वहीं, अरशद के पिता भी उससे मुलाकात करने जेल पहुंचे थे। कुलदीप और रवि के रिश्तेदारों ने भी मुलाकात की।मुरादाबाद के नागफनी थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को अरीबा, उसके प्रेमी अरशद, घटना में शामिल आरोपी कुलदीप, रवि, विक्की को गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार की शाम पांचों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था।अरीबा को महिला बैरक में रखा गया। बाकी चारों आरोपी जिला जेल में हैं। बृहस्पतिवार की रात अरशद, कुलदीप, विक्की और रवि ने तो खाना खाया लेकिन अरीबा ने कम खाना खाया। रात भर अपने परिवार को याद कर सुबकती रही।अरीबा की निगरानी के लिए जेल प्रशासन ने बंदी रक्षक लगाए थे। सूत्रों के मुताबिक, अरीबा रातभर बेचैन रही। थोड़ी देर भी सो नहीं सकी। कभी उठकर बैठ जाती तो कभी रोने लगती। शुक्रवार की सुबह ही अरीबा, कुलदीप, रवि, अरशद के परिवार के लोगों ने मुलाकात के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर दी थी।चारों की पर्चियां लगी थीं। अरीबा से उसके भाई अरीब ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भाई-बहन के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान अरीबा फूट-फूट कर रोने लगी। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह रोते हुए बोली कि उसे मम्मी पापा की बहुत याद आ रही है।भाई ने किसी तरह उसे शांत कराया। भाई ने भरोसा दिया है कि वह अगली बार आएगा तो मम्मी पापा को साथ लेकर आएगा। वह बार-बार बोल रही कि उसने परिवार के साथ अच्छा नहीं किया।उसने अपने पापा की तबीयत के बारे में भी पूछा और छोटे भाई और बहन के बारे में जानकारी की।अरशद के पिता निजामुद्दीन, कुलदीप और रवि के रिश्तेदार भी मुलाकात करने पहुंचे। पांचवें आरोपी निक्की से शुक्रवार को किसी ने मुलाकात नहीं की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि अरीबा, कुलदीप, रवि और अरशद से उनके परिजन और रिश्तेदार मुलाकात करने पहुंचे थे। जेल मैनुअल के अनुसार मुलाकात कराई गई है।मुरादाबाद के नागफनी के बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड में पीतल कारोबारी इमरान के घर रविवार की देर रात करोड़ों का डाका किसी और ने नहीं, उसकी बेटी अरीबा ने अपने प्रेमी अरशद के साथ मिलकर डलवाया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने अरीबा, अरशद समेत वारदात में शामिल पांच युवकों को गिरफ्तार कर इस सनसनीखेज घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक अरीबा ने ही रिमोट से डिजिटल लॉक खोलकर बदमाशों को अंदर बुलाया था। पुलिस ने 47.24 लाख रुपये बरामद कर लिए। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मूलरूप से डिलारी थाना क्षेत्र के ढकिया निवासी कारोबारी इमरान अपने परिवार के साथ अकबर कंपाउंड में दो मंजिला मकान में रहते हैं। पीतल के अलावा उनका प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का काम भी है। इमरान को सोमवार को जिगर कॉलोनी स्थित मकान की रजिस्ट्री करानी थी। इसलिए उन्होंने रिश्तेदार, परिचित और पार्टनर से 1.20 करोड़ का कैश जुटाकर घर में रखा था। रविवार को कारोबारी की बेटी अरीबा का जन्मदिन था।पीतल कारोबारी के घर करोड़ों की डकैती के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। लाडली बेटी अरीबा अपने प्रेमी अरशद के साथ परिवार को बेहोश कर नकदी-जेवर लेकर भागना चाहती थी। लेकिन इस डर से प्लान बदल लिया था। व्हाट्सएप चैट से कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं।मुरादाबाद के पीतल कारोबारी के घर करोड़ों के डाके में अरीबा और अरशद की व्हाट्सएप चैट से कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। पुलिस के मुताबिक कारोबारी की बेटी अरीबा पर उसका प्रेमी अरशद वारसी दबाव बना रहा था कि वह अपने परिवार को बेहोश कर घर से जेवर और नकदी लेकर आ जाए। आरोपी के दबाव में आकर अरीबा ने एक रात अपने परिवार को चाय में नशे की गोलियां मिलाकर पिला भी दीं थीं। जेवर और नकदी एक बैग में भरकर घर से निकलने ही वाली थी कि अचानक अरीबा ने प्लान बदल दिया था। उसे लगा कि उसके गायब होने से परिजन पुलिस के पास पहुंच जाएंगे और उसका भेद खुल जाएगा। इसके बाद उसने घर में डाका डलवाने की साजिश रची।नागफनी के बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड में पीतल कारोबारी इमरान के घर में पड़ी डकैती का पुलिस खुलासा कर चुकी है। कारोबारी की बेटी अरीबा, उसके प्रेमी अरशद समेत पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। इनसे 47 लाख 24 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। अरीबा, अरशद के मोबाइलों की कॉल डिटेल और पुलिस की जांच पड़ताल में अब नए तथ्य सामने आ रहे हैं।घर में रखे नोटों के फोटो अरशद को व्हाट्सएप पर भेजती थी अरीबा- अरीबा और अरशद ने पहले भाग कर शादी करने का प्लान बनाया था लेकिन अरशद ने अपनी गरीबी का हवाला देकर कुछ समय बाद शादी करने की बात कही थी। दोनों के बीच हुई व्हाट्सएप चैटिंग में इन बातों का जिक्र है। अरीबा बार बार अपने घर में रखे नोटों के फोटो अरशद को व्हाट्सएप पर भेजती थी। पुलिस इन फोटो और चैटिंग के स्क्रीन शॉट भी केस डायरी में शामिल रही है।अरशद अरीबा पर दबाव बनाता था कि वह अपने घर से नकदी और जेवर लेकर आए तो वह उससे शादी करने को तैयार है। इसके बाद वह इतने दूर चले जाएंगे कि घर वाले भी उन्हें ढूंढ नहीं पाएंगे। करीब एक माह पहले अरीबा के पिता कारोबार के सिलसिले में बाहर गए थे।अरीबा ने इसकी जानकारी अरशद को दी और उसने पूरा प्लान बना लिया कि वह रात को कार लेकर आ जाए और उसे अकबर कंपाउंड के गेट से बैठाकर ले जाए। साजिश के तहत अरीबा ने खाना खाने के बाद जब परिवार के लोग सोने की तैयारी कर रहे थे तो उसने चाय बना ली और उसमें नशे की गोलियां मिला दीं।अरीबा ने भर लिए थे घर में रखे नोटों की गड्डियां और जेवर एक बैग में- चाय पीकर अरीबा की मां, बहन और दोनों भाई गहरी नींद में हो गए थे। अरीबा ने घर में रखे नोटों की गड्डियां और जेवर एक बैग में भर लिए थे और बाहर निकलने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान उसे लगा कि अगर वह बाहर चली जाएगी तो सुबह परिवार के लोग उसे ढूंढते हुए पुलिस के पास पहुंच जाएंगे।पुलिस उन्हें ढूंढ ही लेगी। इसके बाद अरीबा ने अरशद से व्हाट्सएप पर मैसेज कर मना कर दिया कि वह बाहर नहीं आ रही है। एक घंटे से ज्यादा समय तक अरशद इंतजार करने के बाद वहां से चला गया था। घर में डकैती डलवाने की योजना बनाई थी।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में अरीबा ने चाय में नशे की गोलियां मिलाकर परिवार को पिलाने की बात कबूली है। दोनों शादी करना चाहते थे। पहले दोनों ने भागकर शादी करने की योजना भी बनाई थी।पीतल कारोबारी के घर डकैती की घटना के बाद पुलिस टीमें पड़ताल में जुटी थीं। परिवार से पूछताछ, आस-पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य कार्रवाई पर अरीबा नजर रख रही थी और पल पल की जानकारी अरशद को दे रही थी। अरीबा के मोबाइल की कॉल डिटेल से पता चला कि घटना के बाद भी अरीबा और अरशद के बीच बातचीत चल रही थी।

# आंधी के दौरान गंवाई थी जान, प्रभारी मंत्री ने परिजनों दी आर्थिक सहायता, कहा-आवास भी दिलाएंगे

संभल में आंधी के दौरान हुई दो लोगों की मौत के बाद प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये के चेक और खाद्य सामग्री सौंपी।

साथ ही बच्चों की निशुल्क शिक्षा, आवास और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश प्रशासन को दिए।कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गंगहेटा में शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति डीएम और एसपी के साथ पहुंचे। आंधी के दौरान मौत का शिकार हुए दो लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें चार-चार लाख रुपये का चेक सौंपा। खाद्य सामग्री भी दी गई।13 मई की सुबह गांव गंगहेटा निवासी भगवान सिंह (32) और नेमवती (32) की आंधी के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई थी। नेमवती आंधी के दौरान पशुशाला से घर में जा रही थीं। इस दौरान बिजली का खंभा टूटकर उन पर गिर गया था। उपचार के दौरान मौत हुई थी।इसी गांव के निवासी भगवान सिंह घर के बाहर बनी झोपड़ी को आंधी से बचाने के लिए प्रयास कर रहे थे तो उन पर दीवार गिर गई थी। भगवान सिंह की भी उपचार के दौरान मौत हुई थी। प्रशासन की टीम ने प्राकृतिक आपदा जनहानि की रिपोर्ट तैयार की। इसी क्रम में अब दोनों मृतकों के परिजनों को चेक सौंपे गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की जो भी योजनाएं चल रही हैं उनका लाभ पीड़ित परिवारों को दिलाया जाएगा। इसके अलावा बच्चों की शिक्षा निशुल्क मिलेगी। आवास भी दिलाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देश दे दिए गए हैं।

# सोने-चांदी की दामों में उछाल ने छीनी 1500 कारीगरों के चेहरे की दमक, 150 कारखानों में काम हुआ मंदा

सोने और चांदी की बढ़ती कीमतों का असर सराफा बाजार के कारीगरों पर भी पड़ने लगा है। मुरादाबाद में गहने बनाने और मरम्मत का काम करने वाले कारीगरों को दिनभर में एक-दो ग्राहक ही मिल पा रहे हैं। इससे उनकी रोज की मजदूरी भी नहीं निकल पा रही है। सोने और चांदी की कीमतों ने केवल आम आदमी की जेब पर असर नहीं डाला है बल्कि उन हाथों से भी काम छीन लिया है, जो इन धातुओं को तराशकर आभूषण बनाते हैं। शहर के सराफा बाजार में इन दिनों सन्नाटा है और कारीगरों के चेहरे की रौनक गायब हो गई है। कारीगरों का कहना है कि दिनभर में एक या दो ग्राहक सोने व चांदी के गहने ठीक कराने आ रहे हैं। दिनभर में 500 रुपये की मजदूरी नहीं हो पा रही है। सराफा कमेटी बाजार गंज के अनुसार, शहर में सोने व चांदी के आभूषणों की मरम्मत और जुड़ाई करने वाले करीब 1,500 कारीगर दुकानों के बाहर अपने औजारों के साथ बैठते हैं, लेकिन दिनभर में कहना है कि लोग नया सामान तो दूर, पुराना ठीक कराने भी नहीं आ रहे। हमारी पूरी दिहाड़ी इसी 200-300 रुपये की गया है। दिन सोने की कीमत चांदी की कीमत मजदूरी पर टिकी होती है, लेकिन अब बोहनी होना भी मुश्किल हो 11 मई-1.51 लाख प्रति 10 ग्राम-2.57 लाख प्रतिकिलो 13 मई-1.58 लाख प्रति 10 ग्राम-2.77 लाख प्रतिकिलो 14 मई-1.57 लाख प्रति 10 ग्राम-2.78 लाख प्रतिकिलो दिनभर में एक या दो ग्राहक गहने बनवाने आ रहे हैं। चांदी के गहने जोड़ने का 50 रुपये और सोने की चेन जोड़ने के 100 रुपये तक लिए जाते हैं। बजार में ग्राहक बिल्कुल नहीं हैं। -वीरेंद्र वर्मा, आभूषण कारीगर सुबह से खाली बैठा हूं। अभी तक गहने ठीक कराने एक भी ग्राहक नहीं आया है। महंगाई ज्यादा बढ़ गई है। परिवार चलाना काफी मुश्किल हो गया है। कभी कभार ठीक-ठाक कमाई हो जाती है। -सतीश, आभूषण कारीगर दो साल से सोने व चांदी की कीमतें ज्यादा बढ़ रही हैं। पहले की अपेक्षा कमाई कम हो गई है। लोग गहने ठीक कराने बहुत कम आ रहे है। महीने में 15 हजार रुपये की कमाई नहीं हो पा रही है। -नरेंद्र, आभूषण कारीगर

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम पर विवादित टिप्पणी में आजम खां दोषी, दो साल कैद और 20 हजार का लगा जुर्माना

रामपुर की अदालत ने तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आजम खां को दोषी करार दिया है। यह मुकदमा भोट थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था। कोर्ट ने आजम को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है।

सपा नेता आजम खां को तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में रामपुर की कोर्ट ने दो साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भोट थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था।आरोप था कि चुनाव प्रचार के दौरान सपा नेता ने तत्कालीन जिलाधिकारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी।शनिवार को कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद आजम खां को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया गया।आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाने की अपील पर बहस शुरू- उधर, सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सुनाई गई सजा बढ़ाने को लेकर दायर अपील पर शुक्रवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस शुरू हुई। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने बहस की। उनकी बहस अभी जारी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख तय की है। सपा नेता अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने हाल ही में आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से सजा के खिलाफ और अभियोजन पक्ष की ओर से सजा बढ़ाने को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान एडीजीसी सीमा राणा ने बताया कि सजा बढ़ाने से संबंधित अपील पर बचाव पक्ष की ओर से बहस शुरू कर दी गई है। उनकी बहस अभी पूरी नहीं हुई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 18 मई को निर्धारित की है।

### आंधी-बारिश दो दिन में हुई बेअसर, चढ़ने लगा तापमान

मुरादाबाद । मौसम फिर बेरहम हो रहा है। दो दिन पहले रात में आई तेज आंधी और बारिश से जनजीवन भले ही बेपटरी हो गया, लेकिन गर्मी से बहुत राहत नहीं मिली। अब तापमान फिर चढ़ने लगा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में तापमान अधिकतम चढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस के पार फिर पहुंचेगा, जिससे लू के थपेड़े लोगों को फिर झुलसाएंगे, जबकि 25 मई से नौतपा में नौ दिन भीषण गर्मी भी झेलनी पड़ेगी। शुक्रवार को सुबह से ही धूप निकली, दोपहर में सूरज की तपिश बढ़ने से अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दोपहर में लोग गर्मी से बेहाल हुए। घरों में भी पंखा बेअसर रहा। कूलर, एयरकंडीशनर चलाकर लोगों ने समय बिताया। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनने के बाद भी चेहरे पर रुमाल और सनग्लास पहनकर निखले। वहीं युवतियों और महिलाओं ने स्कार्फ से चेहरा ढक कर सूरज की किरणों से बचने की जतन की। कोल्ड ड्रिंक्स, लस्सी, छांछ पीकर खुद को लोगों ने तरोताजा किया। कई जगह लोगों ने ट्यूबवेल के पानी में नहाकर राहत पाई। हालांकि देर शाम तक सूरज की तपिश बनी रही। वहीं रात में उमस भरी गर्मी से लोगों की नींद में खलल पड़ी। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस या इससे भी अधिक रहने का अनुमान जताया है, जिससे लोगों को लू के थपेड़े भी झेलने पड़ेंगे।21 मई तक का संभावित तापमान तारीख अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान 16 मई 35 डिग्री सेल्सियस 26 डिग्री सेल्सियस 17 मई 36 डिग्री सेल्सियस 27 डिग्री सेल्सियस 18 मई 38 डिग्री सेल्सियस 27 डिग्री सेल्सियस 19 मई 39 डिग्री सेल्सियस 28 डिग्री सेल्सियस 20 मई 40 डिग्री सेल्सियस 28 डिग्री सेल्सियस 21 मई 40 डिग्री सेल्सियस 29 डिग्री सेल्सियस

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिला अधिकारी ने छोड़ी सरकारी गाड़ी, इलेक्ट्रिक बस से पहुंचे तहसील

## बरेली में दिखा ग्रीन इंडिया का दम

क्यूँ न लिखूँ सच / पंडित सत्यमशर्मा / बरेली। प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत की दिशा में शनिवार को अनूठी पहल करते हुए इलेक्ट्रिक बस यात्रा निकाली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह, जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ इलेक्ट्रिक बस से मीरगंज तहसील पहुंचे। इस पहल का उद्देश्य लोगों को हरित ऊर्जा और प्रदूषण मुक्त परिवहन के प्रति जागरूक करना रहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी हो गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल से प्रदूषण कम होगा और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता भी घटेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा अपनाकर आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण दिया जा सकता है।डीएम की इस पहल की आमजन ने भी जमकर सराहना की। लोगों ने इसे प्रशासन का प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि यदि अधिकारी खुद आगे आकर ऐसा संदेश देंगे तो आम जनता भी तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित होगी।

## तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 39 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये मौके पर 04 शिकायत का हुआ निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत सूचना विभाग 16 मई 2026/ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विकासखण्ड अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 04 शिकायत का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।

विकासखंड कार्यालय परिसर में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए एलिम्को द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों द्वारा परीक्षण कराया गया। शीघ्र ही उनको सहायक उपकरण जैसे कान मशीन, बैशाखी व अन्य उपकरण प्रदान किये जायेंगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं बी0डी0सी0 सदस्यों को स्व-गणना अभियान की जानकारी दी और लोगों से अपील करते हुये कहा कि स्व-गणना में लोग भाग लें और अपनी सूचनाएं दर्ज करवायें तथा राष्ट्रहित कार्य में सभी लोग अपना योगदान दें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, तहसीलदार अमरिया, खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली में मिलेगा रोबोटिक घुटना और जोड़ इलाज का सुपर स्पेशलिस्ट इलाज

## मैक्स हॉस्पिटल शालीमार ने ईशान हॉस्पिटल में शुरू की ऑर्थोपेडिक्स ओपीडी सेवा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने ईशान हॉस्पिटल में एडवांस्ड ऑर्थोपेडिक्स और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत कर दी है। उद्घाटन अवसर पर रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. साइमन थॉमस, डॉ. लक्ष्य गोयल और ईशान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. कौशल कुमार मौजूद रहे। अब हर महीने के तीसरे रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मरीजों को बरेली में ही विशेषज्ञ परामर्श और फॉलो-अप सुविधा मिलेगी। डॉ. साइमन थॉमस ने बताया कि घुटनों और जोड़ों का दर्द, अकड़न और चलने-फिरने में परेशानी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट तकनीक से सर्जरी अधिक सटीक, कम दर्द वाली और तेजी से रिकवरी देने वाली बन चुकी है। डॉ. लक्ष्य गोयल ने कहा कि अब मरीजों की जरूरत के अनुसार पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, जिससे लोग जल्दी सामान्य और सक्रिय जीवन में लौट पा रहे हैं। वहीं डॉ. कौशल कुमार ने कहा कि इस पहल से बरेली और आसपास के मरीजों को अब बड़े शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और घर के पास ही सुपर स्पेशलिस्ट इलाज उपलब्ध होगा।

# चौपला फ्लाईओवर पर डीएम का बड़ा एक्शन, अब दिन-रात दो शिफ्ट में होगा मरम्मत कार्य



क्यूँ न लिखूँ सच / पंडित सत्यमशर्मा / बरेली । चौपला फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर मरम्मत कार्य की प्रगति की समीक्षा की और साफ निर्देश दिए कि काम की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

डीएम ने कहा कि फ्लाईओवर मरम्मत का कार्य तय समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा कराया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।बैठक में उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मजदूरों और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए तथा दिन और रात-दोनों शिफ्टों में काम कराया जाए, जिससे मरम्मत कार्य तेजी से पूरा हो सके।

चौपला फ्लाईओवर पर चल रहे कार्य के चलते लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मो0 अकमल खान समेत एनएचआई के अधिकारी मौजूद रहे। फिलहाल उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन की सख्ती के बाद चौपला फ्लाईओवर का काम जल्द पूरा होगा और लोगों को जाम व परेशानी से राहत मिलेगी।

# विकास खंड बीसलपुर में विभिन्न समूहों और कर्मियों द्वारा 'स्वगणना पोर्टल' पर दर्ज कराई गई सूचनाएं

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / जनगणना 2027 के अन्तर्गत आज विकास खंड बीसलपुर में स्व-गणना हेतु विशेष अभियान चलाया गया। लक्षित विभागों समूहों द्वारा घर-घर जाकर स्वगणना कार्य किया गया। सभी से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य ग्रामीणों को भी इस डिजिटल प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें और स्व-गणना के लिए प्रेरित करें।

15 दिवसीय स्व-गणना अभियान के दसवें दिन जनपद में स्वयं सहायता समूह, आंगनबाडी/सहायिका, महिला संस्थाएं, समस्त प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, सचिव सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी, खाद विक्रेता, मनरेगा कार्डधारक, रसोईयां, अनुदेशक, शिक्षा मित्र, आशाऐं, पी0एच0सी0, सी0एच0सी0, आयुष्मान विंग कर्मचारीगण द्वारा अभियान में प्रतिभाग कर स्व-गणना पोर्टल पर सूचनाऐं दर्ज कराई गई। अभियान के दौरान बताया गया है कि स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं का विवरण दर्ज करना जनगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए आवश्यक है। इस डिजिटल प्रक्रिया में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर स्व-गणना पोर्टल पर सूचनाएं दर्ज कराएं।

# फरीदपुर में माध्यमिक विद्यालयों की बड़ी बैठक, शिक्षा पोर्टलों की पेंडेंसी पर सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली,फरीदपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत तहसील फरीदपुर के समस्त माध्यमिक विद्यालयों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को म्यूज़ इंटर कॉलेज फरीदपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) वीरेंद्र गंगवार ने की। बैठक में ट्रैक शिक्षा पोर्टल, यू-डाइस पोर्टल पर छात्रों के प्रोग्रेशन एवं एमबीयू पेंडेंसी की समीक्षा की गई। साथ ही इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के नोटिफिकेशन अपलोड करने, खान अकादमी पोर्टल पर विद्यार्थियों की सक्रियता बढ़ाने तथा परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर विद्यालयी वाहनों की सूचना अपडेट करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जनगणना के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक चलने वाली आठ चरणों की स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी भी विद्यालयों को विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना करने की प्रक्रिया समझाते हुए विद्यालयों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया। बैठक में तहसील नोडल डॉ. लोकेश चंद्र, प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल शिवपुरी, देवेंद्र पाल सिंह प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज वेबल बसंतपुर, योगेंद्र शर्मा प्रबंधक म्यूज़ इंटर कॉलेज तथा तकनीकी सहायक सोनू यादव सहित अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सुभाष नगर पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सुभाषनगर पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सूरज पुत्र महेश निवासी बेहटी देह जागीर थाना सुभाषनगर को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में थाना सुभाषनगर में मु0अ0सं0 314/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अवनीश कुमार और कांस्टेबल गौरव अत्री की अहम भूमिका रही।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

